**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 1595**
**दिनांक 10 फरवरी, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम**

**1595. श्रीमती मंजुलता मंडल:**
**डॉ. डी.एन.वी. सेंथिलकुमार एस.:**
**डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे:**
**श्री धनुष एम. कुमार:**
**श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे:**
**डॉ. सुभाष रामराव भामरे:**
**श्री कुलदीप राय शर्मा:**
**श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले:**
**श्री सी.एन. अन्नादुरई:**
**श्री जी. सेल्वम:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम (पीएमएनडीपी) को देश, विशेषकर तमिलनाडु, महाराष्ट्र और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में कार्यान्वित किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है तथा इसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान विशेषकर तमिलनाडु, महाराष्ट्र और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में किडनी के चिरकारी रोग से पीड़ित प्रत्येक रोगी पर कुल कितनी धनराशि व्यय की गई है और इस कार्यक्रम के तत्वावधान में डायलिसिस सत्रों का लाभ उठाने वाले लाभार्थियों की संख्या कितनी है;

(ग) इस कार्यक्रम को कार्यान्वित करते समय सरकार को किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा है;

(घ) क्या कुछ राज्यों में पीएमएनडीपी को कार्यान्वित नहीं किया गया है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं तथा सरकार द्वारा ऐसे राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में पीएमएनडीपी को कार्यान्वित करने के लिए क्या प्रयास किए गए हैं;

(ङ) क्या देश में डायलिसिस मशीनों की संख्या वास्तविक आवश्यकता से कम है;

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(छ) सरकार द्वारा देश में पीएमएनडीपी को प्रभावी ढंग से कार्यान्वित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ भारती प्रविण पवार)**

(क) से (छ): राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत सभी जिला अस्पतालों को सहायता प्रदान करने के लिए वर्ष 2016-17 के दौरान चिरकालिक गुर्दा रोग के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम (पीएमएनडीपी) शुरू किया गया था। पीएमएनडीपी को कुल 36 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 641

जिलों में 1350 केंद्रों पर 8871 हेमो-डायलिसिस मशीनें लगाकर कार्यान्वित किया गया है। दिनांक 31 दिसंबर 2022 तक कुल 17.27 लाख रोगियों ने डायलिसिस सेवाओं का लाभ उठाया और 188.57 लाख हेमो-डायलिसिस सत्र आयोजित किए गए। राज्यवार कार्यक्रम कार्यान्वयन की स्थिति का विवरण नीचे दिए गए लिंक में उपलब्ध है: https://nhsrcindia.org/pmndp-map-table. पीएमएनडीपी के अंतर्गत, लाभार्थियों का राज्य-वार विवरण अनुलग्नक के अनुसार है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) वार्षिक कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं (पीआईपी) के माध्यम से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा किए गए अंतराल मूल्यांकन के आधार पर पीएमएनडीपी के अंतर्गत हेमोडायलिसिस और पेरिटोनियल डायलिसिस सेवाओं के कार्यान्वयन में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सहायता प्रदान करता है।

गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले (बीपीएल) लाभार्थियों को डायलिसिस सेवाएं नि:शुल्क प्रदान की जाती हैं। वन नेशन-वन डायलिसिस अवधारणा के तहत पहुंच और पोर्टेबिलिटी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, राष्ट्रीय पीएमएनडीपी पोर्टल दिनांक 5 मई 2022 को शुरू किया गया था और आयुष्मान भारत हेल्थ एकाउंट (एबीएचए) आईडी का उपयोग करके डायलिसिस रोगियों के पंजीकरण के लिए राज्यों में क्रियाशील है।

अनुलग्नक

**प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम**

**राष्ट्रीय मासिक प्रगति रिपोर्ट: रिपोर्टिंग महीने के लिए: दिनांक 31 दिसंबर, 2022 तक**

| क्र. सं. | राज्य का नाम | लाभान्वित रोगियों की संचयी संख्या |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 5423 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 153556 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 1950 |
| 4 | असम | 41964 |
| 5 | बिहार | 34132 |
| 6 | चंडीगढ़ | 187 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 4177 |
| 8 (क) | दादर और नागर हवेली | 1488 |
| 8 (ख) | दमन और दीव | 436 |
| 9 | दिल्ली | 5330 |
| 10 | गोवा | 34053 |
| 11 | गुजरात | 133701 |
| 12 | हरियाणा | 60406 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 53062 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 24712 |
| 15 | झारखंड | 11057 |
| 16 | कर्नाटक | 226240 |
| 17 | केरल | 169004 |
| 18 | लद्दाख | 31 |
| 19 | लक्षद्वीप | 79 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 22356 |
| 21 | महाराष्ट्र | 68567 |
| 22 | मणिपुर | 15942 |
| 23 | मेघालय | 178 |
| 24 | मिजोरम | 4672 |
| 25 | नागालैंड | 1750 |
| 26 | ओडिशा | 25648 |
| 27 | पुदुचेरी | 587 |
| 28 | पंजाब | 26113 |
| 29 | राजस्थान | 52083 |
| 30 | सिक्किम | 1734 |
| 31 | तमिलनाडु | 102419 |
| 32 | तेलंगाना | 83128 |
| 33 | त्रिपुरा | 4416 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 31356 |
| 35 | उत्तराखंड | 12396 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 312419 |
| **कुल** | | **1726752** |

*****